सराहनीय कार्य दिनाँक 16.05.2024 जनपद फिरोजाबाद।

➢ **दिनांक 15-06-2024 को डायल-112 के माध्यम से मुकदमे के वादी हरिओम द्वारा 2.50 लाख रूपये लूट की दी गयी थी झूँठी सूचना।**

➢ **थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा प्रकरण का खुलासा करते हुए लूट के अभियोग में वादी हरिओम को 2.50 लाख रूपयों सहित किया गिरफ्तार।**

दिनाँक 15-06-2024 को वादी हरिओम वर्मा पुत्र जगदीश नारायण निवासी हाल-पता रवीन्द्र सिंह सलूजा हेमकुण्ड इटर प्राइजेज लालऊ रोड़ जनपद फिरोजाबाद द्वारा डायल-112 के माध्यम से सूचना दी गयी कि फैक्ट्री हेमकुण्ड इंटरप्राइजेज थर्मस फैक्ट्री के मालिक रवीन्द्र सिंह सलूजा ने हरिओम को गीता ग्लास फैक्ट्री से 2.50 लाख रुपये लाने के लिये कहा था जिन्हें वह साइकिल से लेकर फैक्ट्री वापस आ रहा था। रास्ते में लालऊ रोड़ गायत्री मंदिर के पास 02 अज्ञात बाइक सवार द्वारा हरिओम की साइकिल में पीछे से टक्कर मार कर दी तथा रुपयों का थैला छीनकर भाग गये। सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक दक्षिण मय पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं मामले में वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 408/92 धारा 392,506 भादवि पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा घटना के खुलासे हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पर 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे समस्त सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया जिससे घटना फर्जी प्रतीत हो रही थी। वादी से गहनता से पूछताछ करने पर उसके बयानों में विरोधाभास था जिसमें वादी द्वारा स्वीकार किया गया कि लालच के चलते उसके द्वारा 2.50 लाख रूपये छुपा दिए गए हैं एवं उसके द्वारा पुलिस को झूँठी सूचना दी गयी थी। विवेचना में धारा 195,411 भादवि का होंना पाया गया एवं धारा 392,506 भादवि का लोप किया गया। पुलिस टीम द्वारा वादी हरिओम की निशानदेही पर रवीन्द्र सिंह सलूजा हेमकुण्ड इटर प्राइजेज थर्मस फैक्ट्री लालऊ रोड़ में स्थित वादी के घर के पास बनी टीन शेड में छुपाये गये 2.50 लाख रुपयों की शतप्रतिशत बरामदगी कर ली गयी है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त—(मुकदमे का वादी)-

1. हरिओम वर्मा पुत्र श्री जगदीश नारायण हाल निवासी रवीन्द्र सिंह सलूजा हेमकुंड इटरप्राइजेज थर्मस फैक्ट्री लालऊ रोड थाना दक्षिण फिरोजाबाद।

बरामदगी विवरणः—

1. 250000/- रु0 बरामद

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री योगेन्द्रपाल सिंह थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री आनन्द सिंह थाना दक्षिण चौकी प्रभारी महावीर नगर थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री सिंहराज सिंह चौकी प्रभारी रेलवे रोड थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 प्रशि0 विवेक कुमार थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
5. है0का0 1055 अशोक कुमार, 6-है0का0 920 अर्जुन सिंह थाना दक्षिण, 7-का0 69 अजय सिंह थाना दक्षिण।